



पाक्षिक
SINCE 1998

# टैक्सटाइल वर्ल्ड


Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-09-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-27 अंक-06 भीलवाड़ा/07 सितम्बर, 2024 कुल पृष्ठ- 24 मूल्य : 25 रुपए 1

















# थोक व्यापारियों को आगामी दिनों में अच्छी रिटेल ग्राहकी का इंतजार

## आगामी त्योहारी व वैवाहिक सीजन पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली / राजेश शर्मा**

दिल्ली कपड़ा बाजार में लगभग 3 माह से चला सन्नाटा टूटता नजर आ रहा है। विगत दिनों छिटपुट ग्राहकी आरंभ हुई तथा व्यापारियों की नजर अब त्योहारी और वैवाहिक सीजन की मांग पर लगी हुई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही थोक व्यापारियों ने तैयारी की और मिलें चालानी कर रही हैं।

### अभूतपूर्व

जानकार व्यापारियों का कहना है कि वास्तव में पिछले दिनों कपड़ा बाजार अभूतपूर्व मंदी के दौर से गुजरा और बाजार इतना लम्बा मंदा कभी नहीं चला जब एक के बाद दूसरा महीना लगभग नगण्य ग्राहकी का निकला। जानकारों का कहना है कि इस वर्ष 2024 के केवल एक या दो माह में कारोबार संतोषजनक रहा वरना ग्राहकी का सन्नाटा ही बना रहा।

### बदलाव

व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली बाजार में ग्राहकी कम होने का प्रमुख कारण एनसीआर में अनेक मंडियों का विकसित हो जाना है। अब दिल्ली के आसपास का खुदरा व्यापारी तो दिल्ली आ ही नहीं रहा बल्कि दिल्ली के आसपास के थोक व्यापारी दिल्ली में कपड़ा बेच रहे हैं। जानकारों का कहना है कि नरेला, नजफगढ़ आदि के बाजारों में रोहतक, भिवानी आदि जगहों से कपड़ा आने की चर्चा बाजार में है। व्यापारियों का कहना है कि कपड़े पर जीएसटी लगने के बाद दिल्ली में कारोबार प्रभावित हुआ है।

यहीं नही थोक व्यापारी का प्रयास भी नकद में बेचने का होता है भले ही उसे मार्जिन कम मिलें। हाँ, रेडीमेड गारमेंट बाजार में लम्बी उधारी का चलन अभी बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि सूटिंग-शर्टिंग के कारोबार में एक बदलाव बुकिंग को लेकर भी आया है। कुछ वर्ष पूर्व तक थोक व खुदरा व्यापारियों की दिलचस्पी कॉन्फ्रेंस आदि में बुकिंग कराने की रहती थी लेकिन अब अच्छा रिटेलर बुकिंग से बच रहा है। उसका कहना कहना है कि अब बाजार में सीजन नाम की कोई बात नहीं रह गई है। उपभोक्ता की रूचि तेजी से बदल रही है तो ऐसे में स्टॉक करके सिर पर बोझ क्यों रखा जाए। धन की तंगी के कारण भी अब व्यापारी केवल सीमित खरीदी ही कर रहा है।

### तैयारी जोरों पर

जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों के कमजोर कारोबार के बावजूद थोक व्यापारियों ने तैयारी पूरी कर रखी है क्योंकि उनका मानना है कि अब 15 सितम्बर से नवम्बर के अंत तक अच्छी ग्राहकी के आसार है।


शेषांश पृष्ठ 10 पर...





























# लेडीज एवं किड्स वियर में कारोबार अच्छा

## जेंट्स वियर में ग्राहकी बढ़ने का इंतजार

**मुंबई / रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में रिटेल मांग बढ़ रही है। यद्यपि ग्राहकी में बहुत जोर नहीं है, परंतु जिस ढंग से बाजार में पहले ग्राहकी चल रही थी उसकी तुलना में इसे बहुत अच्छा कहा जा सकता है। गारमेंट में एंड ऑफ सीजन की सेल बंद हो चुकी है। लेडीज एवं किड्स वियर में नई वैरायटी और नये पैटर्न के उत्पादों में रिटेलर्स कामकाज करने लगे हैं, जेंट्स वियर में कारोबार थोड़ा कमजोर है, तथापि लंबे समय के बाद इस खंड में ग्राहकी की सुगबुगाहट बढ़ने से उम्मीद की जा रही है कि आगे जैसे-जैसे त्योहारी ग्राहकी बाजार में बढ़ेगी, वैसे-वैसे जेंट्स वियर में भी कारोबार पटरी पर लौट आएगा। रिटेल में मांग बढ़ने पर गारमेंट इकाइयों में उत्पादन को गति मिलेगी।

कपड़ों की तुलना में गारमेंट की मांग बाजार में अच्छी रहा करती है। कारण, रिटेल काउंटरों पर अब फिनिश कपड़ों की मांग लगातार घट रही है। कपड़ा उत्पादकों का ध्यान गारमेंट इकाइयों की जरूरतों के अनुसार नये पैटर्न और नई वैरायटी के कपड़ों की आपूर्ति पर अधिक होता है लेकिन छोटी रिटेल दुकानों का धंधा कम हो रहा है, जबकि ऑनलाइन चैनलों का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ओर युवाओं की खरीददारी ऑनलाइन अधिक होने के कारण छोटे रिटेलर्स के कारोबार पर विपरीत असर पड़ता दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर बड़े शोरूमों, संगठित क्षेत्रों के बड़े रिटेलर्स, शॉपिंग मॉल इत्यादि में कारोबार बढ़ रहा है। रेडीमेड गारमेंट का निर्यात लक्ष्य बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 40 अरब डॉलर रखा गया है।

एपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल का कहना है कि यह लक्ष्य पाने के लिए 1200 नई उत्पादन इकाइयां और निर्यात वैरायटी विस्तार की जरूरत है। दुनियाभर में सबसे अधिक मांग वाले 15 तैयार वस्त्रों में से देश से सिर्फ पाँच वैरायटी का निर्यात किया जाता है, जबकि इसकी तुलना में बांग्लादेश से 11, वियतनाम से 14 और तुर्की से 9 वस्त्रों का निर्यात किया जाता है। उद्योग सूत्रों का कहना है कि देश में अधिकतर गारमेंट उत्पादन इकाइयां छोटे कद और एमएसएमई अधीन की है, इसलिए उत्पादन क्षमता भारत के गारमेंट उद्योग की समस्या हो सकती है।






# CHINAR FABRICS की धनबाद, अम्बाला एवं बरेली रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस में रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग

## 'चिनार फैब्रिक्स' बदलते फैशन एवं लाइफस्टाइल के फैब्रिक्स सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध -श्री उज्ज्वल अग्रवाल



श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि आज के युग में गुणवत्तापूर्ण आधुनिक डिजाइन के फैब्रिक्स ही कपड़ा बाजार में पूर्ण रूप से टिक सकते हैं। समय के साथ आधुनिक वस्त्रों एवं सेफ फैब्रिक्स की मांग तेजी से बढ़ी है तथा ग्राहक कंपनी से यह अपेक्षा रखते है कि उन्हें समय-समय पर नये उत्पाद मिलते रहे, इन्हीं बातों को विशेष तौर से ध्यान में रखा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह विशेष तकनीक व उम्दा क्वालिटी के धागे से निर्मित व हाई प्रोफाइल प्रोसेस से बनी शर्टिंग जो इको फ्रेण्डली है तथा शर्टिंग में बेहतरीन क्वालिटियों के साथ-साथ इसकी कीमत भी किफायती रखी गई है जो कि आम उपभोक्ता की पकड़ में है।

## रेग्युलर व विण्टर सीजन के वस्त्रों की लगाई प्रदर्शनी

## व्यापारियों को पसंद आए नये डिजाइंस











भिवानी/ चिनार फैब्रिक्स ने हाल ही में धनबाद, अम्बाला व बरेली में रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन सिलसिलेवार किया। इन अवसरों पर चिनार फैब्रिक्स के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल, धनबाद, अम्बाला व बरेली के डीलर्स एवं एजेंट्स सहित चिनार परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में कॉन्फ्रेंसेज का शुभारम्भ किया गया। कंपनी के होलसेल डीलर्स ने अपने-अपने एरिया से व्यापारीबंधुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर चिनार फैब्रिक्स के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस में उपस्थित रहकर एरिया वाइज अपने व्यापारीबंधुओं के सुझाव लिए ताकि आगामी सीजन के लिए बेहतरीन क्वालिटियां उत्पाद की जाए। चिनार फैब्रिक्स आधुनिक तकनीक, नये स्टेप एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की फैब्रिक्स बेहतरीन ढ़ग से प्रस्तुत कर रही है। धनबाद, अम्बाला व बरेली के व्यापारियों ने चिनार फैब्रिक्स की बुकिंग अत्यधिक देकर चिनार फैब्रिक्स के प्रति अपना भरोसा जताया, जिसके लिए चिनार परिवार धनबाद, अम्बाला व बरेली के व्यापारियों को तहेदिल से धन्यवाद प्रेषित करता है। कंपनी ने विण्टर सीजन के लिए आधुनिक डिजाइन बाजार में उतारे हैं जिसकी बाजार में अत्यधिक मांग है। एरिया वाइज व्यापारियों ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स की पैकेजिंग एवं यूनिफॉर्म भी लाजवाब है जो कि बदलते फैशन के हिसाब से नये एवं बेहतरीन डिजाइन बाजार में उपलब्ध करवा रही है, जिससे आम उपभोक्ता को डिजाइन खूब पसंद आ रहे हैं और दाम वाजिब रखे हैं जिससे आम उपभोक्ता सरवाई कर सकता है। इस अवसर पर चिनार फैब्रिक्स के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि कंपनी का मुख्य कार्य आधुनिकता की दौड़ के अनुरूप वस्त्र उत्पादन तथा स्पष्ट एवं साफ-सुथरी नीति के अनुसार कार्य व्यापार करते हुए कम दाम पर विस्तृत रेंज बनाकर सूटिंग-शर्टिंग के ग्राहकों के हाथों तक पहुंचाना है ताकि वे अवसर के अनुरूप अपने व्यक्तित्व को निखार सकें।

श्री अग्रवाल ने बताया कि मिल द्वारा समय-समय पर नई स्कीम इत्यादि का आगाज किया जाता रहता है। मिल द्वारा अपने ग्राहकों की अपेक्षा और मांग के अनुरूप बदलते फैशन व लाइफस्टाइल के वस्त्र उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखना ही दायित्व है। कॉन्फ्रेंस के दौरान व्यापारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में बुकिंग में जो उत्साह दिखाया उसके लिए हम उनका पुनः तहेदिल से आभार प्रकट करते है और आशा करते है कि भविष्य में भी इसी तरफ आपकी अपनी चिनार फैब्रिक्स को बुकिंग देकर हौसला बढ़ाते रहेंगे। इस अवसर पर श्री दीपक अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस में पधारे सभी व्यापारियों का आभार प्रकट करते हुए व्यापारियों को अच्छी-अच्छी स्कीमों तथा बेहतरीन क्वालिटी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। चिनार परिवार के सदस्यों ने कॉन्फ्रेंस में जो भरपूर सहयोग दिया उसके लिए भी चिनार परिवार आभार प्रकट करता है।





100 % Giza Cotton Luxury Shirting Fabric



TESSITURA MONTI INDIA

TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.


Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

Auth. Distributors : Maharashtra - M/s Decott Fashions , Mumbai; Gujarat & Rajasthan - M/s Advin, Ahmedabad; TamilNadu - M/s Bajrang Clothing, Chennai; Karnataka & Goa - M/s Popular Enterprises, Bengaluru; Karnataka, Goa, AP & Telangana - M/s Modern Impex, Bengaluru; West Bengal & Bihar - M/s Shree Paras Synthetics, Kolkata; Delhi NCR, UP, Punjab, Haryana, J&K - M/s Worldwide Fashions (RI), Delhi; AP & Telangana - M/s SHA Hirachand Jawanmal & Co.(SHJ),Bengaluru


अब बारिश को करो एन्जॉय, दाग धब्बों से डरे बिना।
Sparsh-Fab
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
कैसे ?
3X COOL
इनोवेटिव फैब्रिक से!
भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है ? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करे।
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह
एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना , दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है। अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान ३३ अंश होता है। ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते है, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है 3X COOL यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल-मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मैंटेनेंस आसान होता है। इस कपड़े में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती हैं, जिससे वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।
स्पर्श का यह कपड़ा चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है। विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।
नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो,
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98 20 20 79 53
74 20 02 40 89


D.BADAMI
Collection 2025 | Exclusive men shirting fabrics
For trade/corporate inquiries: info@dbadami.com
group.dbadami.com
A unit of Dhingar Silk Mills. Since 1961.
Instagram @dbadamiofficial
Mumbai, India


J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's shops across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

DALMIA'S
Serve Better Always

# विनायक ट्रेडिंग कंपनी ◆ रेवांता ट्रेड वेंचर्स की 23वीं रिटेल कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने कराई जमकर बुकिंग







**जयपुर/** प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स के प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर्स विनायक ट्रेडिंग कंपनी एवं रेवांता ट्रेड वेंचर्स द्वारा 1 सितंबर, 2024 को जयपुर में शानदार रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में प्रसिद्ध मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए तैयार लेटेस्ट रेंज प्रस्तुत की गई। विनायक ट्रेडिंग कंपनी के युवा संचालक श्री आदित्य डालमिया ने बताया कि वे हर साल रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन करते हैं, इस साल 23 वीं रिटेल कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें रिटेलर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



**न्यू लॉन्चिंग...** 'विनायक ट्रेडिंग कंपनी' ने हाल ही प्रीमियम सूटिंग ब्राण्ड सिमोने फैडरिको फिगली एवं एथनिक फैब्रिक ब्राण्ड 'पनामा' का नया काम शुरू किया है। इन ब्राण्ड्स के द्वारा शानदार रेंज प्रस्तुत की गई तथा बुकिंग भी अच्छी हुई।







## प्रसिद्ध मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स का आकर्षक डिस्प्ले

कॉन्फ्रेंस में मेन्स फैशन वीयर्स के लिए प्रीमियम कपड़ा बनाने वाले प्रीमियम ब्राण्ड्स लीनिया लूसो बाइ टेसीट्यूरा मोंटी, कडिनी, रेमण्ड, बरगोयन, बैयर्ड कॉटन, यूरिको, ब्रीजी ने कॉन्फ्रेंस में लेटेस्ट फैब्रिक रेंज प्रस्तुत की। जिसमें प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स में व्यापक रेंज पेश की गई। प्रदर्शित रेंज को रिटेल व्यापारियों ने खूब पसंद किया तथा जमकर बुकिंग करवाई।

## एक दिन में एक लाख मीटर कपड़े की बुकिंग

विनायक ट्रेडिंग कंपनी एवं रेवांता ट्रेड वेंचर्स की इस कॉन्फ्रेंस में 150 से अधिक रिटेल व्यापारियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया तथा एक ही दिन में एक लाख मीटर कपड़ा बुक कराया। श्री डालमिया ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में शामिल सभी ब्राण्ड्स द्वारा प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक में आकर्षक डिजाइनर कलेक्शन पेश किए गए, जो व्यापारियों को खूब पसंद आये तथा अच्छी बुकिंग करवाकर हमारे संस्थान पर भरोसा जताया, जिसके लिए हम सभी ब्राण्ड प्रतिनिधियों एवं व्यापारियों का धन्यवाद करते हैं।













VINAYAK TRADING COMPANY
OFFICE : "GANESHAM" PLOT NO. 9, DHARAM PARK, SHYAM NAGAR NO. 2
AJMER ROAD, JAIPUR - 302019, PHONE: +91 141 2810405, +91 998 252 2260

CONTACT FOR TRADE INQUIRY :
SAJJAN SINHA : 9983335170 | ANIL SHARMA : 9829411659 | M PAREEK : 9929393940
KALURAM : 9166079716 | HARISH : 9649199222 | RAVI SOLANKI : 8955449083

# आर. डी. टेक्सटाइल्स एवं सालासर मार्केटिंग ने आयोजित की मल्टी ब्राण्ड सेल्स कॉन्फ्रेंस

**जयपुर**

स्थानीय मंडी स्थित ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल संस्थान आर. डी. टेक्सटाइल्स एवं सालासर मार्केटिंग द्वारा 25 अगस्त, 2024 को जयपुर में रिटेल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें डोनियर सूटिंग्स, मयूर सूटिंग्स एवं सियाराम सूटिंग-शर्टिंग की लेटेस्ट फैब्रिक रेंज प्रदर्शित की गई। संस्थान के संचालक श्री सीताराम गोयल ने बताया कॉन्फ्रेंस में शामिल सभी ब्राण्ड्स तहत आगामी फेस्टिव एवं वैडिंग सीजन के लिए तैयार नवीनतम रेंज का डिस्प्ले किया गया। आमंत्रित रिटेल व्यापारियों से कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित रेंज की प्रशंसा की तथा अच्छी बुकिंग करवाई। इस दौरान प्रदर्शित ब्राण्ड्स के सेल्स प्रतिनिधियों सहित डोनियर ब्राण्ड के राजस्थान एजेंट 'आशीष एजेंसीज' के संचालक श्री अनीष माथुर भी मौजूद रहे।





# अग्रवाल सिंटेक्स की रिटेल कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने कराई अच्छी बुकिंग

जयपुर/ प्रतिवर्ष रिटेल व्यापारियों के लिए सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने वाले जयपुर के प्रतिष्ठित होलसेल संस्थान 'अग्रवाल सिन्टेक्स' ने 1 सितंबर, 2024 को एम. आई. रोड़ स्थित होटल गोल्डन टुलिप में एक दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसमें डोनियर सूटिंग-शर्टिंग, सियाराम शर्टिंग, नवसारी कॉटन मिल्स, बॉम्बे रेयॉन, एईएसपीईएन आदि ब्राण्ड्स के लेटेस्ट फैब्रिक कलेक्शंस का डिस्प्ले किया गया। संस्थान के संचालक श्री हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स ने सभी ब्राण्ड्स की अच्छी बुकिंग करवाई। डोनियर ब्राण्ड की ओर से प्रदत्त विदेश यात्रा 'बाली' के लिए 5 डेज / 4 नाइट स्कीम में व्यापारियों ने अच्छी रूचि दिखाई। कॉन्फ्रेंस के दौरान डोनियर के राजस्थान एजेंट 'आशीष एजेंसीज' के श्री अनीष माथुर सहित प्रदर्शित ब्राण्ड्स के सेल्स प्रतिनिधि मौजूद रहे।





# कपड़ों में त्योहारी मांग निकलने की संभावना

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय...** कपड़ा बाजार में सन्नाटा है। लंबे समय से कपड़ों में कारोबार अच्छा नहीं हो रहा है। 15 अगस्त के बाद बाजार चलने की उम्मीद में बैठे कारोबारियों को निराशा हुई है। देसावरों की मांग कमजोर है। रक्षाबंधन से पहले कपड़ों में रिटेल ग्राहकी अच्छी रही तब लगा कि अब बाजार में कारोबार होने लगेगा, लेकिन यह उम्मीद भी फीकी रही है। कपड़ा कारोबारियों को इस बार त्योहारी ग्राहकी चलने की पूरी आशा है। कारण कि पाइपलाइन खाली है, लेकिन कई राज्यों में भारी बारिश होने तथा वैश्विक स्तर पर मचे उथल-पुथल के कारण कपड़ों में न तो रिटेल स्तर पर कारोबार जमा सका है और न ही निर्यात में कारोबार अच्छा हो रहा है। त्योहारी मांग की थोड़ी हलचल बाजार में दिखाई दे रही है। नवम्बर से शुरू हो रहे वैवाहिक सीजन की मांग को ध्यान में रखते हुए कपड़ों की फैंसी वैरायटी और विशेषकर लेडीज आइटमों में जैसे कि साडी एवं ड्रेस मटीरियल में देसावरी मांग निकलनी शुरू हो गई है। सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार अभी भी धीमा है, लेकिन नई वैरायटी में बाजारों में लेवाली शुरू हो गई है। कॉटन यार्न में तेजी आने के बाद ग्रे कपड़ों के भाव कुछ बढ़े हैं। देश में बनते कपड़ों की कुल मांग में पावरलूम की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है और पावरलूम इकाइयों में ग्रे कपड़ों का उत्पादन कम हो गया है, इस कारण सूती ग्रे कपड़ों के भाव 2 से 5 रू तक बढ़े हैं। ग्रे कपड़ों का 100 प्रतिशत एक्सपोर्ट डाइंग स्टेंडर्ड ग्रेडेशन का एक्समिल भाव स्थिर हो गया है। वैश्विक स्तर पर स्थितियां अति गंभीर एवं तनावपूर्ण होने के कारण देश से फैब्रिक्स तथा गारमेंट का निर्यात ढ़ीला है। टेक्सटाइल का निर्यात स्थिर है। जुलाई में निर्यात 166.036 करोड़ डॉलर का रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 166.306 करोड़ रू था, परंतु समग्रता की दृष्टि से देखा जाए तो भारत के टेक्सटाइल उद्योग की असीम संभावनाएं होने के साथ हाल में इसका विकास हो रहा है। उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि ऐसे में देश से कुल टेक्सटाइल निर्यात वर्ष 2025-26 तक बढ़कर 65 अरब डॉलर हो सकता है। टेक्सटाइल की तुलना में गारमेंट का निर्यात कुछ हद तक बढ़ा है। जुलाई में मुख्यतया एपेरल की मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार नजर आ रहा है। एक अनुमान के अनुसार इस अवधि में टेक्सटाइल एवं एपेरल का निर्यात 4.37 प्रतिशत बढ़कर 293.756 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा है। यद्यपि अमेरिका में रिटेल मांग खुल जाने से बड़े ब्राण्डों की मांग है, परंतु यूरोप अभी भी धीमा है। बांग्लादेश में फैली अशांति के जल्दी ठीक होने की उम्मीद कम होने से ग्लोबल रिटेलर्स और ग्लोबल गारमेंट ब्राण्ड्स से बांग्लादेश को मिलते ऑर्डर में से कुछ प्रतिशत ऑर्डर भारत की इकाइयों को मिल सकता है। इस कारण एपेरल के निर्यात बढ़ने की संभावना है। अगस्त महीने में त्योहारों की भरमार होने के साथ छुट्टियां अधिक रही है। अब 7 से 17 सितम्बर, 2024 तक गणेशोत्सव का त्योहार है। महाराष्ट्र में इस त्योहार को बड़े धूमधाम के साथ मनाने की परंपरा है। उसके बाद नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों के होने से कपड़ा बाजार में कारोबार बहुत जल्द सामान्य होने की उम्मीद है। 15 नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू हो रहा है। वैवाहिक सीजन की बाजार में ग्राहकी एकाध महीने पहले से ही शुरू हो जाती है। सितम्बर और अक्टूबर महीने में बाजार किस करवट बैठता है, इस पर ग्राहकी का सारा दारोमदार निर्भर करता है लेकिन बाजार का मौजूदा रूख एवं कारोबार चिंतनीय जरूर है। व्यापारियों का कहना है कि मौजूदा दौर में जिनकी स्टॉक रखने की क्षमता अधिक है, वहीं कामकाज कर सकता है। परंपरागत छोटे रिटेलर्स धीरे-धीरे कमजोर हो रहे हैं। कपड़ों की बिक्री सीधे बड़े खरीददारों के साथ किए जाने से थोक व्यापारियों, अर्द्धथोक व्यापारियों, वितरकों और दलालों का चैनल भी टूटता जा रहा है। बड़े शहरों में कपड़ों में कारोबार घटा है। भिवंडी में कपड़ों का उत्पादन 50 प्रतिशत से कम क्षमता पर हो रहा है। ईरोड़ में लूमों पर कपड़ों का उत्पादन सिमटकर 25 प्रतिशत के करीब आ गया है। बाजार में कहीं भी कारोबार संतोषजनक नहीं है।




# आगामी सीजन के लिए खरीददारी शुरू


**बरेली / राजीव अरोड़ा**

आगामी सीजन व्यापारियों के लिए अच्छा हो, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। अक्टूबर से व्यापारियों को पक्का विश्वास है कि व्यापार अच्छा चलेगा जिसके लिए खरीददारी शुरू कर दी है। कटरा मानराय से ही कई व्यापारी सूरत से खरीददारी में चले गये हैं। सही मायने में खरीददारी का यह सही समय है, क्योंकि इस समय व्यापार हल्का चल रहा है तथा जो व्यापार चल रहा है वह पैसे के बल पर ही चल रहा है। कुछ व्यापारियों से बात की तो पता चला कि व्यापारी सरकार की नीतियों से परेशान है, क्योंकि अभी भी माल बेचने में परेशानी हो रही है। पैसे की तंगी चल रही है। कई व्यापारियों ने बताया कि अभी तक पिछले वर्षों का भी व्यापारियों ने हिसाब चुकता नहीं किया है। इस कारण हाथ टाइट चल रहा है।

# भारी बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत...**आकाश अभी भी बादलों से आच्छादित है। छुटपुट बूंदा-बांदी का क्रम दिनभर बना रहता है। तेज बारिश किसी क्षण हो जाए इसकी संभावना यथावत बनी हुई है। इस कारण उत्पादक चाहते हुए भी उत्पादन लेने में असमर्थ हैं। जब तक सामान्य स्थिति नहीं हो जाती तब तक श्रमिक आकर भी क्या करें। फिलहाल, धुपाई मौसम के साफ न होने के कारण बंद सी है। मर्सराइज, रंगाई-छपाई, पेंडिंग, फर्निशिंग, फोल्डिंग, पैकिंग आदि कार्य अवरुद्ध हैं। चालानी का कार्य मात्र आंशिक उन प्रतिष्ठानों के पास है जिनके स्टॉक में तैयार माल उपलब्ध है। मंड़ियों के व्यापारी भी अपनी आवश्यकतानुसार ही माल लेने में दिलचस्पी ले रहे हैं। माल चालानी में रंगाबेजी के अभाव के कारण व्यापारियों को उत्पादकों की इच्छानुसार उपलब्ध रंगों में माल भेजने हेतु अनुरोध करने को मजबूर होना पड़ रहा है। माल की मांग पोपलीन, अस्तर, पॉकेटिंग, प्रिंट नाइटी क्लॉथ, पेटीकोट (अंडर स्कर्ट), साड़ीफॉल, रूबीया, रोटो संतोषजनक है, परंतु चालानी में विलंब स्वाभाविक बन गया है। उत्पादक ऑफर आने के साथ स्पष्ट कर रहे हैं कि सामान्य स्थिति बहाल होने में 10-15 दिन लगेंगे। वस्तुस्थिति प्रतिकूल होने के बावजूद भी स्थानीय उद्यमी आशान्वित है कि इस विषम परिस्थति के बाद सीजन अच्छे निखार के साथ आएगा और सारी कसर निकल जाएगी। औद्योगिक प्रक्रियाओं के गतिहीन होने से पूरा क्षेत्र विरानी के आगोश में है। सड़कों पर तो कारखानों में भी इंद्रधनुषी रंगों की बहार लुप्त-सी हो गई है। छोटे-छोटे कामों के लिए भी श्रमिकों की व्यवस्था करना परेशानियों भरा हो गया है। स्मरण रहे, बालोतरा-जसोल में श्रमिकों की दर सर्वाधिक होने पर भी सोचनीय है। छोटे उत्पादकों को तो माल फोल्ड कराने, गांठ बंधाने, ट्रांसपोर्ट भिजवाने में भी कई दिक्कतों से जूझना पड़ता है। मजदूर सहज मिलें इसलिए उत्पादकों ने हर स्टेज की मजदूरी में काफी इजाफा किया है। जैन धर्मावलंबियों के पर्युषण पर्व के उपलक्ष में आध्यात्मिक माहौल चरम पर है। मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। मंदिरों में विशेष श्रृंगार और साज-सज्जा के साथ श्रद्धालु व्याख्यान का लाभ लेकर तपस्या में रत लग रहे हैं। छोटे-बड़े सभी तप के प्रति अपनी अगाध निष्ठा को प्रदर्शित करते प्रतीत हो रहे हैं। नारी शक्ति प्रतीक डॉ. रूमा देवी के मुख्य आतिथ्य में रोटरी क्लब बालोतरा का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने परेशानियों को जीवन में निखार के लिए बाधक नहीं साधक बताया। सेवा समर्पित अध्यक्ष श्री अशोक सुराणा ने अपने कार्यकाल में किए जाने वाले विशिष्ट कार्यों का उल्लेख किया। सचिव श्री संजय सिंघवी ने भी अपने विचारों से अवगत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थत उद्यमियों व नागरिकों ने रोटरी टीम को बधाई दी। क्रमबद्धशालीन संचालन का श्रेय श्री प्रमेंद्र बाफना को रहा। समारोह में पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश गर्ग व पूर्व सचिव श्री भरत भंसाली ने अपनी भावनाओं से सभी को अवगत किया।









# नवसारी कॉटन मिल्स ने 'तारा टेक्सटाइल' बैरागढ़ को किया सम्मानित



मुम्बई/ किंग ऑफ कुर्ता फैब्रिक्स के नाम से मशहूर एथनिक फैबिक्स निर्माता कंपनी **'नवसारी कॉटन मिल्स'** द्वारा विगत दिनों गोवा में शानदार सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें नई एथनिक फैब्रिक रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया। कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में होलसेल एवं रिटेल व्यापारियों ने शिरकत की। इस दौरान **'नवसारी कॉटन मिल्स'** के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हेमल शाह ने मध्यप्रदेश राज्य के बैरागढ़ (भोपाल) के होलसेलर **'तारा टेक्सटाइल'** के ऑनर श्री राकेश अग्रवाल को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

# आगामी सीजन के लिए व्यापारियों द्वारा जबरदस्त बुकिंग

**जयपुर / ओम जैन**

जयपुर में भारी बरसात के कारण दुकानदार मौसम एवं गौठ पिकनिक का आनंद ले रहे हैं। दिनभर रूक-रूककर बरसात आने के कारण खरीददार आ नहीं रहे हैं एवं मार्केट में ज्यादा हलचल नहीं है। तीज पर लहरिया, रक्षाबंधन की बिक्री गत वर्ष से काफी कमजोर रही तथा कुछ छुटपुट दुकानों पर ही ग्राहकी नजर आ रही है। मैचिंग के दुकानदार काफी कम हो गए है और जो मैचिंग का काम कर रहे हैं वे काफी दुविधा में है। हर बार नई रेंज आने के कारण अभी तक रेडीमेड ब्लाउज सूरत के बिक रहे थें लेकिन वह भी समाप्ति की ओर है। अभी प्रिंट बिक रहा है लेकिन वह भी ज्यादा बिक नहीं पाएगा। पेटीकोट में अभी सिर्फ रेडीमेड पेटीकोट ही बिक रहा है, उसमें भी होजियरी आइटम रेडीफिट पेटीकोट बाजार में आ गया है। पोपलीन थान धीरे-धीरे बिकना कम हो रहा है। 2×2 व HT टेरी रूबिया भी शून्य बिक रही है। हल्की पाली से टेरी रूबिया R.T.C., विजयदीप व मेवाड़ डाइंग का माल बाजार में आ रहा है। अस्तर का माल भी पॉलिएस्टर का बिक रहा है। सलवार सूट व कुर्ती के व्यापारी अभी नया माल तैयार करने में लगे हुए है। आगामी सीजन के अनुसार व्यापारी माल बना रहे हैं। सूरत का माल कुर्ती का अच्छा आ रहा है। पिछले सप्ताह 50 व्यापारी छुस्ंह ने फेयर लगाया था, जिसमें करीब 1500 व्यापारी पूरे भारतभर से आने का प्रोग्राम था। आए भी, लेकिन दो दिन भारी बरसात के कारण थोड़ी व्यवस्था में व्यवधान आ गया। व्यापारियों का कहना है कि आगामी सीजन के लिए माल की अच्छी बुकिंग हो गई है तथा माल बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। साड़ी का व्यापार पहले से काफी कमजोर हो गया है। साड़ी के व्यापारी सूट व कुर्ती की ओर ध्यान लगा रहे हैं। जयपुर होलसेल के व्यापारियों की सामूहिक गोठ का आयोजन अच्छा रहा, जिसमें होलसेल के सभी व्यापारियों की अच्छी उपस्थिति रही।




asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class
Manufacturer Of Unique Combos In Industry
COMBOS
SAFARIS
SUIT LENGTHS
ETHNICS
PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024
Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India
Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.
SCAN FOR CATALOGUE
Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-
For Trade Enquiry: - Call -87088-98361, 92540-41864

## सम्पादकीय....

# महिलाओं-बच्चों के उत्पीड़न पर राष्ट्रपति के बाद पीएम मोदी भी बोले 'अब बहुत हो चुका'

महिला सुरक्षा को लेकर चौतरफा गहरा असंतोष है। कोलकाता महिला चिकित्सक बलात्कार और हत्याकांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को कड़ाई से लागू करने और यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई की जरूरत फिर से रेखांकित की जा रही है। कोलकाता में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। उस घटना पर हर राजनीतिक दल और बड़ा नेता अपनी संवेदना व्यक्त कर चुका है। राष्ट्रपति ने भी कहा कि अब बहुत हो चुका, ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में रूकनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के सम्मेलन में उनसे अपील की कि महिला और बाल उत्पीड़न संबंधी मामलों में वे शीघ्र सुनवाई करें, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और अपराधियों में खौफ पैदा हो।

## अपराधियों में कानून का भय होना अति आवश्यक

हकीकत यही है कि बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर नकेल कसना इसीलिए मुश्किल बना हुआ है कि अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो सका है। निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को और सख्त बनाया गया था। बाल यौन शोषण के विरुद्ध पाक्सो कानून बना था, जिसमें आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और जमानत तक न देने का कड़ा प्रावधान किया गया। मगर उन कानूनों का भय कहीं नजर नहीं आता। कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो। मगर हकीकत यह है कि महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती। बहुत सारे मामलों में तो प्राथमिकी दर्ज करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस तरह बलात्कार जैसे मामलों में जरूरी सबूत भी ठीक से उपलब्ध नहीं हो पाते। फिर, जांचों में पुलिस इतना विलंब कर देती है कि सुनवाई वर्षों तक चलती रहती है।

इसके अलावा सबसे चिंता की बात यह है कि बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि की दर बहुत न्यून है। सबूतों के अभाव में अपराधी छूट जाते हैं। पाक्सो जैसे कानून में भी अनेक बार देखा गया है कि रसूखदार आरोपियों के मामले में पुलिस गिरफ्तारी तक को टालती रहती है। फिर गवाहों और पीड़िता तक को डरा-धमकाकर या लोभ-लालच देकर बयान पलटने पर मजबूर कर दिया जाता है। इन स्थितियों से अदालतें अनजान नहीं हैं। मगर आमतौर पर निचली अदालतें उस तरह पुलिस पर जांचों में तेजी और निष्पक्षता लाने का दबाव नहीं बना पातीं, जिस तरह कई बार ऊपरी अदालतें करती हैं। फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ अधिक होने की वजह से मामलों की सुनवाई लंबे समय के लिए टलती रहती है। महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रावधान किया गया कि उन्हें त्वरित अदालतों में निपटाया जाए। साल भर के भीतर उन पर फैसला देने का प्रयास हो। मगर जो मामले खूब विवादों और चर्चा में रहते हैं, उनकी सुनवाई भी जल्दी पूरी नहीं हो पाती। जिन देशों में आपराधिक मामलों में सख्त और तेज कार्रवाई होती है, वहां अपराध की दर काफी नीचे देखी जाती है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध देश के किसी भी हिस्से में हो, अगर पुलिस तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करे, जिला अदालतें महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती और तत्परता दिखाएं, तो ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना आसान हो जाएगा। कानून का भय अपराध को रोकने में सबसे कारगर उपाय होता है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# गुजरात की हस्तकला: समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की एक झलक



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्कार मित्रों,

हमारे कपड़ों के व्यापार में हस्तकला (हैंडीक्राफ्ट) एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हस्तकला से बनाए गए कपड़े भारत की अद्वितीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं। हस्तकला से निर्मित कपड़ों में रंगों का संयोजन, विविध डिज़ाइन और उम्दा बनावट भारतीय कारीगरों और बुनकरों की कुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। भारत के अन्य राज्यों की तरह गुजरात की हस्तकला भी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की विशिष्ट पहचान है। गुजरात की हस्तकला की विविधता विश्वप्रसिद्ध है और यह गुजरात की स्थानिक संस्कृति को सुंदर रूप से दर्शाती है। आज हम गुजरात की कुछ प्रमुख हस्तकलाओं के बारे में संक्षिप्त में समझने का प्रयास करेंगे।

कच्छी एम्ब्रॉयडरी - गुजरात के कच्छ क्षेत्र के अहिर, रबारी, गरासिया जाट और मतवा समुदाय द्वारा की जाने वाली कच्छी एम्ब्रॉयडरी सूती कपड़ों पर रेशमी धागों से की जाती है। आमतौर पर महिलाओं द्वारा की जाने वाली यह हस्तकला का इतिहास 16वीं और 17वीं शताब्दी का है, जब यह समुदाय सिंध प्रांत से आकर कच्छ में बस गया। कच्छी एम्ब्रॉयडरी में विभिन्न प्रकार की डिज़ाइन जैसे फूल-पत्तियाँ, पशु-पक्षी, दैनिक जीवन शैली आदि आकार को सूती कपड़ों पर रेशमी धागों से उकेरा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि कच्छ में कुल 16 विविध प्रकार की एम्ब्रॉयडरी की जाती है, जिनमें अहीर, आरी, गोतनी और फकिरानी प्रमुख हैं। आरी को सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली एम्ब्रॉयडरी माना जाता है जो शाही परिवार के लिए की जाती थी। कपड़ों को चमकाने के लिए कांच के टुकड़ों का भी उपयोग किया जाता है।

**पाटन का पटोला-** गुजरात का पाटन शहर अपने आप में इतिहास को संजोए हुए है। यह शहर अपनी वास्तुकला के साथ- साथ पटोला साड़ी के लिए भी मशहूर है। पटोला बंधनी तकनीक का उपयोग करके बनाई जाती है। पटोला एक प्रकार की सिल्क साड़ी होती है जिसमें आमतौर पर सोने और चांदी के धागों से हाथी, मोर, कलश, पान, शिखर, तोते आदि को उकेरा जाता है। इसे बनाने में बुनकरों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है और समय भी काफी लगता है जिसके कारण इसकी लागत अधिक होती है और दाम भी ज़्यादा होते हैं। मुगल काल में इस कला को करीबन 250 परिवारों ने अपनाया था। हालांकि, दुःख की बात यह है कि यह बुनकरी कला अब लुप्त होने के कगार पर है। सामान्यतः तीन लोगों को एक पटोला बुनने में पाँच से छह महीने लग जाते हैं।

**रोगन कला-** तकरीबन चार सौ साल पुरानी यह कला मूलतः पर्शिया यानी कि आज के ईरान से आई है। रोगन कला में प्रमुख रूप से तेल और रंग के लिए प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग होता है। सफेद रंग के लिए सफेद मिट्टी, काले रंग के लिए कोयला और लाल रंग के लिए लाल पत्थर का इस्तेमाल होता है। जिस पदार्थ का रंग बनाना हो, उसका चूर्ण बनाकर रोगन यानी तेल में मिलाया जाता है। रोगन आर्ट में पिंची या हाथ से नहीं, बल्कि कलम कहे जाने वाले धातु के औजार से कपड़ों पर डिज़ाइन बनाई जाती है। रोगन कला के लिए कच्छ का निरोणा गाँव विश्वविख्यात है लेकिन यहां कला में महारत रखने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन कम हो रही है। निरोणा के निवासी अब्दुल गफूर खत्री को वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा उनकी इस कला और हुनर के लिए पद्मश्री के खिताब से भी नवाजा गया था। साड़ी, ड्रेस, झोला, कुर्ता, दुपट्टा, शेरवानी आदि पर रोगन आर्ट किया जाता है।

**पीठोरा पेंटिंग-** जैसे महाराष्ट्र की आदिवासी जनजातियों के बीच वारली पेंटिंग प्रसिद्ध है, वैसे ही गुजरात की राठवा और भील जनजातियों के बीच पीठोरा पेंटिंग अत्यंत प्रसिद्ध और सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। पारंपरिक रूप से इस पेंटिंग्स को मिट्टी की दीवारों पर किया जाता है। दीवारों की सतह को पहले मिट्टी और गोबर से तैयार किया जाता है और फिर प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके उस पर चित्रण किया जाता है। ये पेंटिंग्स आदिवासी समुदायों के रीति-रिवाज, परंपराओं, मान्यताओं और संस्कृति को चित्रित करती हैं। इसके रंग बनाने के लिए दूध व महुआ का प्रयोग किया जाता है। गुजरात का छोटा उदेपुर जिला पीठोरा पेंटिंग के लिए विख्यात हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तकला न केवल स्थानीय परंपराओं को जीवित रखती है, बल्कि कलाकारों और बुनकरों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। हमें इन कलाओं को बढ़ावा देने और संरक्षित रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए ताकि यह अमूल्य धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहें। अगली बार एक नए विषय के साथ फिर मिलेंगे......!

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111


# झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मंडल के तत्वावधान में स्मारिका का विमोचन

झाँसी




स्थानीय थोक वस्त्र व्यापार मंडल द्वारा 29 अगस्त, 2024 को स्मारिका का विमोचन कार्यक्रम होटल हवाना में संपन्न हुआ। उद्घाटन सांसद महोदय श्री अनुराग शर्मा के सान्निध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद श्री अनुराग शर्मा, शिक्षक विधायक श्री बाबूलाल तिवारी, नगर विधायक श्री रवि शर्मा, महापौर श्री बिहारीलाल आर्य एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। स्मारिका के संपादक श्री संजय सेठ ने बताया कि उद्घाटन के दौरान सांसद महोदय ने बधाई देते हुए कहा कि, स्मारिका का प्रकाशन व्यापार मंडल के लिए बेहतर कदम है जो संस्थाओं को नई दिशा प्रदान करेगा। विधायक श्री बाबूलाल तिवारी ने बधाई देते हुए प्रातः स्मरणीय वीरांगना लक्ष्मीबाई को नमन करते हुए कहा कि स्मारिका जानकारियों से भरपूर है। श्याम सुन्दर सेठ के दोहों ने इसको और भी खूबसूरत बना दिया। श्री रवि शर्मा ने स्मारिका के मुख्य पृष्ठों को सराहते हुए कहा कि संपादक मंडल ने झाँसी की महान विभूतियों को अपने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया इसके लिए पूरे मंडल को आभार। श्री बिहारीलाल आर्य ने इसमें छपे हमारे प्रेरणास्रोत पूर्वजों को सराहा और उनको नमन किया।

मंडल के अध्यक्ष श्री अशोक सिंघल ने संस्था की सक्रियता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा मंडल व्यापार करने के साथ सामाजिक रूप से भी सक्रिय रहने वाला मंडल है। कार्यक्रम में मंडल ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा संरक्षकों श्री ओमप्रकाश सेठ, श्री ओमप्रकाश मर, श्री राजेन्द्र पटवारी 'राजू भइया', श्री रामप्रकाश नाछोला, श्री धीरेन्द्र यादव, श्री राजेन्द्र पहारिया व श्री रामप्रकाश पटवारी को शॉल व श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सर्वश्री राजेश हेमलानी, रवीन्द्र सिंघई, महेन्द्र मर, अनिल पटवारी, प्रदीप अग्रवाल, वीरेन्द्र जैन, अमर दुबे, रामकुमार, सौरभ जैन, पंकज अग्रवाल, सुरेन्द्र पटवारी, ओमप्रकाश खियानी, विनय जैन, राजीव गुप्ता, संजय हयारण, पवन साहू, ताहिर असारी, सुशील अग्रवाल, लवलेश, आशीष अनेकों व्यापारियों के साथ कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी, उमेश गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, बृजबिहारी सोनी, नरेश गुप्ता 'राजू रक्सा', मनमोहन गेडा, जगदीश बजाज, अरूण राय, आशीष गेडा, संतोष साहू, मुकेश अग्रवाल, सुरेश मानकानी, जीतू सोनी, अनुज अग्रवाल, अतुल किल्पन, अमित गोदवानी 'टोनी जी', परमजीत भुसारी, सुरजीत भुसारी, रज्जाक भाई, अशोक शर्मा आदि गणमान्य व्यापारियों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देकर इसको सफल बनाया। इस दौरान संचालक ताहिर खान एवं महामंत्री सुधीर सेठ ने सभी आगंतुकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।



राजीव सिंह 'पारीछा'
विधायक
222 बबीना, झाँसी (उ.प्र.)

क-7 No. 135266

पत्रांक सं- 1493/1 /एम.एल.ए./बबीना-झाँसी दिनांक- 06-01-2024

**शुभकामना संदेश**

झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मण्डल झाँसी उ.प्र. द्वारा अपनी स्मारिका का प्रकाशन करने जा रहा है निश्चित रूप से आप व्यापारी भाईयों का क्षेत्र व देशहित में योगदान काफी अतुल्नीय है साथ ही आपके व्यापार के माध्यम से हजारों आर्थिक रूप से निर्बल लोगों को रोजगार भी मिलता है। स्मारिका के माध्यम से व्यापारियों के हित में किये गये कार्यों को समस्त व्यापारी वर्ग को अवगत कराने का प्रशंसनीय कार्य किया जायेगा जो काफी प्रशंसनीय व सराहनीय होगा।

मेरी ओर से स्मारिका के सफल प्रकाशन व इस कार्य में अमूल्य योगदान देने वाले समस्त व्यापारी भाईयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

प्रति,
श्री संजय सेठ जी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
झाँसी थोक वस्त्र व्यापार मण्डल झाँसी उ.प्र.

आपका
(राजीव सिंह 'पारीछा')

लखनऊ आवास- सं. 01 ब्लाक-ए, दारुलशफा लखनऊ (उ.प्र.) 226001
झाँसी कार्यालय एवं आवास- 54, ओम शान्ति नगर, झाँसी (उ.प्र.) 284002
सम्पर्क सूत्र- 8887151022 | Email- bjpbabina222@gmail.com

## YARN RATES
## यार्न रेट्स 5 सितम्बर, 2024

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 220 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 260 |
| 2/30 Frosted | 220 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 220 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 153 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 167 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 161 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 178 |
| 1/15 Poly Black | 167 |
| 20 PV Black | 145 |
| 15 PV Black | 140 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 187 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 116-158 |
| 150 Roto Black. | 119-167 |
| 150 Roto Bright. | 132-155 |
| 150/250 grey. | 124-175 |
| 150/250 dyed | 139-189 |
| 150 FDY. | 134 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 124 |
| 2/40 POLY | 173 |
| 2/15 Poly Grey | 188 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 110 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 63-103 |
| 6 cone. OE | 68-148 |
| 10 cone OE | 93-199 |
| 2/4 cone OE | 93-159 |
| 2/6. OE | 96-171 |
| 2/8 OE | 98-174 |
| 2/10 OE. | 113-217 |
| 2/20 OE. | 224-228 |
| 2/30 RF. | 305-421 |
| 2/40 RF | 296-400 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 200 |
| 15 CONE | 205 |
| 20 CONE | 213 |
| 2/15 CONE | 216 |
| 2/40 CONE | 268 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 160 |
| 2/24 Poly Grey@ | 166 |
| 2/30 Poly Grey@ | 171 |
| 2/40 Poly Grey@ | 198 |
| 2/60 Poly Grey@ | 260 |
| 2/76 Poly Grey@ | 317 |
| 2/30 PV Black @ | 220 |
| 2/40 PV Black @ | 260 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | 162 |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | 172 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 127 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 219 |
| 2/30 pv | 186 |
| 1/20 pv | 160 |
| 1/15 pv | 152 |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| | |
|---|---|
| **Fancy Yarn Per Kg** | |
| 30/62 Alpine | 222 |
| 2/60 PVT | 225 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/76 Polyster | 272 |
| 2/60 P.V. | 265 |
| 2/60 P.V. | 272 |
| 150/48/400 Bright | 134 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 168 |
| 65/36/600 Bright Rate | 211 |
| 100/36/1450 | 152 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 196+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

### PAWAN ENTERPISES
9414111656
Triveni Spinning

| | |
|---|---|
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 159 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 191 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 225 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 150 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 153 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 160 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 165 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 183 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 129 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 147 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 195 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 250 |

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com
Raghav Agency Trident Ltd.

| TRIDENT LIMITED COUNT | RATE |
|---|---|
| 1/10 OE | 162 |
| 1/14 OE | 165 |
| 1/16 OE | 168 |
| 1/20 OE | 201 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CWC | 278 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 325 |
| 50 CW COMPACT | 395 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 155 |
| 1/20 POLY 100% | 145 |
| 1/15 POLY 100% | 140 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 198 |
| 2/18 P/V BLACK | 175 |
| 2/30 P/V BLACK | 238 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 169 |
| 10 OE | 181 |
| 10 LYCRA | 256 |
| 10 SLUB LYCRA | 276 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 157+GST |
| 2/30 PV | 180+GST |
| 15S PV | 147+GST |
| 2/24 PV | 175+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 160+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv grey yarn** | |
| 2/60 pv | 260 |
| 2/40 pv | 206 |
| 2/30 pv | 188 |
| 2/30 pv | 186 |
| 20 pv | 162 |
| 15 pv | 156 |
| **Mill tfo pv** | |
| 2/40 | 210 |
| 2/30 | 194 |
| **Poly virgin** | |
| 2/40 | 188 |
| 2/30 | 164 |
| 2/20 | 153 |
| 15 | 136 |
| 10 | 132 |
| **Recyed yarn mill tfo Pv yarn.** | |
| 2/40 | 192 |
| 2/30 | 175 |
| **Poly mill tfo recycled** | |
| 2/40 | 170 |
| 2/30 | 145 |
| 15 | 113 |
| 2/45 poly magic | 165 |
| 2/40 pv eli weft use | 164 |
| 2/30 pv black 75/25 | 178 |

All yarn cd 1 rs kg
+12% gst
NO CLAIM IN FABRIC STAGE

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )
Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 255 |
| 2/40 pv - | 203 |
| 2/30 pv - | 185 |
| 2/24 pv - | 183 |
| 2/20 pv - | 160 |
| 2/15 pv - | 153 |
| **Mill tfo pv** | |
| 2/40. | 205 |
| 2/30. | 192 |
| **Poly virgin** | |
| 2/40. | 186 |
| 2/30. | 161 |
| 2/20. | 151 |
| 15. | 133 |
| 10. | 130 |
| **Recyed yarn mill tfo Pv yarn.** | |
| 2/40. | 187 |
| 2/30. | 170 |
| **Poly mill tfo recycled** | |
| 2/40. | 167 |
| 2/30. | 142 |
| 15. | 112 |
| 2/45 poly magic | 165 |
| 2/40 pv eli weft use | 164 |
| 2/30 pv black 75/25. | 178 |

All yarn cd 1 rs kg **+12% gst**

**समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।**
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
GOVINDAM COMMERCIAL COMPLEX
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001

# आगामी सीजन की तैयारियां जोरों पर

मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल

पश्चिमी उत्तरप्रदेश की प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में इस समय जाते हुए मानसून, प्रमुख त्योहार, लग्न, सावा-मुहूर्त न होने के कारण मंदी का रूख है। बाजार में मध्यम पार्टियों से पेमेंट आने में देरी की समस्या है। यद्यपि अच्छा व्यापारी ही समय से पेमेंट भेज रहा है।

इस बीच आने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए थोक विक्रेताओं ने दिसावर का रूख करना प्रारम्भ कर दिया है। आने वाले शीत ऋतु को देखते हुए व्यापारियों ने गरम वैरायटी के लिए अमृतसर, लुधियाना, पानीपत आदि और सूटिंग-शर्टिंग के लिए मुम्बई, भीलवाड़ा आदि एवं लेडीज़ सूट, साड़ी, ड्रेसेज के लिए अहमदाबाद, सूरत, कोलकाता, बनारस आदि दिसावरों के प्रोग्राम बना लिए हैं। कुछ व्यापारी दुकानों, शोरूम की मरम्मत, सौंदर्यीकरण में व्यस्त हैं। सितम्बर लास्ट अथवा अक्टूबर शुरू से ही कामकाज निकलने की प्रबल संभावना है।

मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, इन्द्र सुनेजा, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, केपी त्यागी, सुशील छाबड़ा, विजय सिन्धी, चिंटू जैन के अनुसार आगामी सीज़न जोरदार रहेगा।

# क्रेजी इंटरनेशनल प्रा. लि.



श्री सुरेश धाकड

भीलवाड़ा/ शिव कुमार कौशिक

